

कृषि किरण अंक-13, जून 2022: पृष्ठ: 24-28

http://saaer.org.in

आधुनिक सूचना प्रौधोगिकी तकनीक द्वारा आलू में मुख्य पोषक तत्वों का प्रबंधन

प्रिंस कुमार, जगदेव शर्मा, विजय कुमार दुआ, अनिल शर्मा, राज कुमार, मनकरण सिंह सिधू, संकेत मेहता, मनोज कुमार

भा० कृ० अनु० प० - केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, उपकेन्द्र, पंजाब

आलू एक महत्वपूर्ण खाद्य फसल है जोकि कम अवधि मे तैयार होने के साथ साथ पोषण में भरपूर और तत्काल आमदनी का माध्यम है। भा०कृ०अनु०प०-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान किसानो को आलू की फसल में पोषक तत्व प्रवंधन संबंधी जानकारी प्रदान करता है। परंतु किसान अधिक उपज लेने की चाह मे कुछ पोषक तत्वो का उर्वरकों के माध्यम से अत्यधिक तो कुछ का सिफारिस से कम इस्तेमाल कर रहे है, परिणामस्वरूप अनुपयुक्त उर्वरक उपयोग दुयारा उपज घटने के साथ-साथ खेती की लागत बढ़ रही है। अतः अधिक उत्पादन और लाभ के लिए, महत्वपूर्ण निवेश घटको का पर्याप्त ज्ञान और जागरूकता के प्रचार-प्रसार की जरूरत है। वर्तमान समय मे सूचना प्रौद्योगिकी तकनीक तेजी से बढ़ रही है जिसके द्वारा कम समय मे अधिक लोगों तक सूचना पहुचाई जा सकती है। इससे न केवल समय की बचत होती है बल्कि समय पर किसानों को सूचना मिल जाती है। अतः यह देखते हुए केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान ने कुछ tools विकसित किए हैं।

1. वेब आधारित - निर्णय सहायी प्रणाली (web based-Decision Support System):

भा० कृ० अनु० प० - केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान ने तीन प्रदेशों (उतर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश) में आलू उत्पादन के लिए पोषक तत्व प्रवंधन हेतू निर्णय समर्थन प्रणाली “Nutrient Recommendation for Raising Potato in UP (NRRPUP); “Nutrient Recommendation for Potato Production in Punjab (NRPPP) and Nutrient Recommendation Tool for Potato in Madhya Pradesh (NRTP-MP) विकसित की है। ये निर्णय समर्थन प्रणालियां बहुत सरल है जिसे कोई भी किसान आसानी से उपयोग कर सकता है। यह प्रणाली भा० कृ० अनु० प० - केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान की वैबसाइट पर उपलब्ध है तथा उपयोग करने का रेखाचित्र नीचे वर्णित किया गया है।

निर्णायक समर्थन प्रणाली की विशेषताए:

1. DSS मृदा परीक्षण रिपोर्ट/ विना रिपोर्ट के भी आवश्यक NPK की सिफारिशें देता है। मृदा परीक्षण रिपोर्ट होने पर अधिक

स्टीक्ता से NPK मात्रा की जरूरत की जानकारी मिलती है।

2. DSS चयनित जिले, रोपण की तारीख और मृदा में उपलब्ध पोषक तत्वों (NPK) की उपलब्धता के आधार पर विभिन्न लक्ष्य पैदावार (25 से 45 टन) के लिए NPK की सिफारिश देता है। किसान बंधु पैदावार लक्ष्य चुन कर NPK की सही मात्रा की जरूरत पता कर सकते हैं।

आलू उत्पादन के लिए पोषक तत्वों की सिफारिश के लिए दिये लिंक पे क्लिक करें:

https://cpri.icar.gov.in//content/Index/?qlid=6510&Ls_is=7150&lngid=1



अगले पेज पर जाने के लिए कृपया नेक्स्ट पर क्लिक करें।

यदि आपने खेत का मिट्टी परीक्षण करवाया है तो हाँ (YES) चुनें

यदि आपने खेत का मिट्टी परीक्षण करवाया है तो नहीं (No) चुनें



कृपया अपने जिले का चयन करें।



कृपया बीजाई की तिथि चुनें।



मृदा में उपलब्ध NPK (kg/ha) की रेंज चुनें।



सभी उपयुक्त विकल्पों का चयन करने के बाद लक्ष्य उपज के लिए जरूरी NPK की मात्रा।

2. मोबाइल आधारित- उर्वरक मात्रा कैलकुलेटर (A Mobile Application):

भा० कृ० अनु० प० - केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, द्वारा आलू की फसल के लिए “उर्वरक मात्रा कैलकुलेटर” (Fertilizer Dose calculator for Potato (FDCP)) एक किसान हितकारी मोबाइल एप्लिकेशन (Mobile Application) पंजाब के लिए विकसित की है। मोबाइल ऐप दो भाषाओं- अंग्रेजी और पंजाबी में है। FDCP आलू उत्पादकों को खेत के अनुसार उर्वरकों की मात्रा के बारे में सुझाव देता है। यहाँ ध्यान रखने योग्य बात है कि यह मोबाइल एप्लिकेशन मृदा स्वास्थ्य कार्ड या ऐसे अन्य मृदा परीक्षणों की रिपोर्ट आधार पर उर्वरकों की मात्रा बताती है। इसके अलावा आलू, बीज के लिए या खाने के लिए उगाना है इस उद्देश्य को ध्यान रखकर उर्वरकों की दरों की सिफारिश करती है। FDCP में उर्वरक चयन का विकल्प भी है। किसान बंधु बाज़ार में उपलब्ध उर्वरकों के आधार पर सिफारिस प्राप्त कर सकते हैं। यह एप्लिकेशन किसानो को उर्वरक की मात्रा 'किलोग्राम' के साथ-साथ 'बैग/बोरे' में भी प्रदर्शित करती है। किसान भाई मोबाइल एप्लिकेशन को निम्नलिखित लिंक पर क्लिक कर अपने फोन पर उपयोग कर सकते है-

http://play.google.com/store/apps/details?id=org.csir.cpri.FDCP

आधुनिक तकनीकों के मुख्य पोषक तत्वों के उचित प्रबंध में लाभ:

1. उर्वरकों की आवश्यक मात्रा के उपयोग से खेती की लागत कम हो जाती है।
2. उर्वरकों के संतुलित प्रयोग को सुनिश्चित करता है।
3. संतुलित उर्वरक उपयोग के साथ एक समान फसल अधिक उपज देती है।
4. पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है।
5. समय की बचत होती है।



“Enter” क्लिक करें।



यहाँ उद्देश्य एवं खेत भरें।



यहाँ NPK स्तर भरें।

कृपया उर्वरक संयोजन का चयन करें।



उपलब्ध उर्वरक संयोजन चयन किसान कर सकते है।



उर्वरक मात्रा प्रति विभाजन और आवश्यक बोरियों की